नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 10.05.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 04	क्रम सं0(Serial No.) 2

लाखों की दवाइयों के साथ विदेशी पकड़ा

नई दिल्ली, 9 मई (नवोदय टाइम्स): दिल्ली के आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने एक घाना के नागरिक को भारी मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयों के साथ पकड़ा है। आरोपी यात्री यह दवाइयां तस्करी कर दिल्ली से दुबई होते हुए घाना की राजधानी अकरा लेकर जा रहा था। यात्री के पास से बरामद दवाइयों की कीमत करीब 85 लाख रुपए आंकी गई है।

बल के जनसंपर्क पदाधिकारी सह एआईजी अपूर्व पांडेय ने बताया कि 8 मई को टर्मिनल थ्री के डिपार्चर एरिया में निगरानी रख रहे इंटेलिजेंस की टीम को चेक इन एरिया में एक विदेशी यात्री घूमते दिखा। बिहैवियर डिटेक्शन के आधार पर आरोपी यात्री की गतिविधियां संदिग्ध लगी। यात्री की पहचान जोसेफ अमर अमर्टे के रूप में हुई। वह अमीरात एयरलाइंस की उड़ान संख्या ईके-517, जोकि शाम 4.15 बजे उड़ान भरने वाली थी से दुबई होते हुए अकरा जा रहा था। इसके बाद उसके सामानों की गहन जांच की गई।

एक्स-बीआईएस मशीन के जरिए उसके सामान की जांच करने पर सीआईएसएफ कर्मियों को संदिग्ध तस्वीरें नजर आईं। भौतिक जांच करने पर, लगभग 85 लाख रुपए मूल्य की विभिन्न प्रकार की दवाओं की भारी मात्रा पाई गई। पूछताछ करने पर यात्री इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं ले जाने के संबंध में सहायक दस्तावेज पेश नहीं कर सका। मामले की जानकारी सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और सीमा शुल्क अधिकारियों को दी गई। बाद में, उक्त यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।